प्रेस नोट जनपद प्रतापगढ़ दिनांक 21.09.2023

01 किलो 230 ग्राम अवैध गांजा के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार (थाना बाघराय)

जनपद के **थाना बाघराय से उ0नि0 श्री अंकित कुमार तिवारी** मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थानाक्षेत्र बाघराय के ग्राम जलालपुर नहर पुलिया के पास से एक व्यक्ति **शिवकुमार यादव पुत्र पुनीलाल यादव नि0ग्राम धनवासा थाना बाघराय जनपद प्रतापगढ़** को 01 किलो 230 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना बाघराय में **मु0अ0सं0 188/23 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट** का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-
शिवकुमार यादव पुत्र पुनीलाल यादव नि0ग्राम धनवासा थाना बाघराय जनपद प्रतापगढ़ ।
बरामदगी- 01 किलो 230 ग्राम अवैध गांजा।
पुलिस टीम- उ0नि0 श्री अंकित कुमार तिवारी मय हमराह थाना बाघराय जनपद प्रतापगढ़।

चोरी की मोटर साइकिल के साथ, एक अभियुक्त गिरफ्तार (थाना आसपुर देवसरा)-

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में जनपद के **थाना आसपुर देवसरा से उ0नि0 श्री लक्ष्मीकान्त सेंगर** मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान थानाक्षेत्र आसपुर देवसरा के नचरौला के पास से एक व्यक्ति **अंकित गिरि पुत्र स्व0 आलोक गिरि नि0ग्राम नचरौला थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़** को चोरी की हीरो स्पेलेण्डर प्लस मोटर साइकिल बिना नम्बर प्लेट के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर **मु0अ0सं0 331/2023 धारा 411 भादवि** का अभियोग पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि यह मोटर साइकिल उसने दिनांक 13.09.2023 को अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर फूतूपुर हाइवे के पास से चोरी की थी। उक्त मोटर साइकिल चोरी होने के सम्बन्ध में जनपद जौनपुर थाना बदलापुर में **मु0अ0सं 264/2023 धारा 379 भादवि** का अभियोग पंजीकृत है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-
अंकित गिरि पुत्र स्व0 आलोक गिरि नि0ग्राम नचरौला थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़।
बरामदगी- चोरी की एक अदद हीरो स्पेलेण्डर प्लस मोटर साइकिल बिना नम्बर प्लेट।

पुलिस टीम- उ0नि0 श्री लक्ष्मीकान्त सेंगर मय हमराह थाना आसपुर देवसरा, जनपद प्रतापगढ़

01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार (थाना कन्धई)

जनपद के **थाना कन्धई के उ0नि0 श्री रमेश सिंह** मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/ तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान **मु0नं0 580/05 धारा 323,308,504,506 भादवि** थाना कन्धई से सम्बन्धित 01 वारण्टी विनोद कुमार मिश्र पुत्र रामतवकल निवासी ग्राम पिपरीखालसा थाना दिलीपपुर, जनपद प्रतापगढ़ को उनके घर से गिरफ्तार किया गया।